उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 653 दिनांक/Date : 2 अगस्त, 2019

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 के 280 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन के संबंध में :–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सेवायोजन पंजीकरण के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा जारी नये नियमों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए लागू किये गये आरक्षण को सम्मिलित करते हुये पदनाम–सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–3 के 280 पदों के लिए इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे है। ये सभी रिक्तियां कृषि विभाग की है।

आयोग की ओर से यह पूर्व में स्पष्ट किया गया है कि अब किसी भी आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थियों को अपना ओ0टी0आर0 (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) भरना अनिवार्य है इसके उपरांत ही अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र भर सकेगें। ओ0टी0आर0 भरे जाने के उपरांत अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने में सुगमता होगी।

आवेदन पत्र भरने के लिए अब कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी0) को भी अधिकृत कर दिया गया है जो अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र व ओ0टी0आर0 भरने में सहयोग करेंगे। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेन्टर उपलब्ध है।

दिनांक 6 अगस्त, 2019 से ऑन लाइन आवेदन पत्र भरने की सुविधा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हो जायेगी तब तक अभ्यर्थी अपना ओ0टी0आर0 भर सकते है एवं ओ0टी0आर0 भरने में उन्हें यदि कोई कठिनाई आती है तो उसका भी समाधान हो जायेगा। इसके लिए टॉल फ्री नं0–6399990138, 6399990139, 6399990140, 6399990141, तथा ईमेल आदि का विवरण आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड की गयी विज्ञापन विवरणिका में दिया गया है।

कृषि विभाग की सेवा नियमावली के अनुरूप इस पद के लिए न्यूनतम अर्हता कृषि में स्नातक उपाधि(B.sc Agriculture) है। अतः केवल कृषि में स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही इस आवेदन पद के लिए पात्र हैं। इन पदों से संबंधित लिखित परीक्षा का विस्तृत पाठ्यक्रम अभ्यर्थियों के उपयोगार्थ आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विज्ञापन विवरणिका को भली–भांति पढ़ लें एवं उसके उपरांत आवेदन पत्र भरें। इस बार आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए तथा भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध आधार पर पूर्ण करने के लिए लिखित परीक्षा का संभावित समय भी विज्ञप्ति में प्रकाशित किया गया है। यदि कोई विधिक या प्रशासनिक कठिनाई न हुयी तो इन पदों पर लिखित परीक्षा माह दिसम्बर, 2019 में प्रस्तावित की गयी है।

2/8/19

(संतोष बडोनी)
सचिव।

Scanned by CamScanner